सत्यमेव जयते

पंचदश

बिहार विधान-सभा

पंचदश सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 05 पौष, 1936 (श०) / 26 दिसम्बर, 2014 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 04

(1) आपदा प्रबंधन विभाग	..	..	01
(2) स्वास्थ्य विभाग	..	..	01
(3) ऊर्जा विभाग	..	..	02
		कुल योग —	04

फसल क्षति का मुआवजा देना

8. <u>श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी</u>--दिनांक 2 नवम्बर, 2014 को समाचार-पत्र में प्रकाशित ''नहीं बंटे फसल क्षति के 200 करोड़ रुपये'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सहरसा, सुपौल, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, मधेपुरा, सहित 20 जिलों में वर्तमान वर्ष में आयी भयंकर बाढ़ से किसानों को व्यापक फसल क्षति हुई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि किसानों को फसल क्षति का मुआवजा देने हेतु आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा 200 करोड़ रुपये की निकासी भी अक्टूबर, 2014 में कर ली गयी है लेकिन अभीतक उसका भुगतान किसानों को नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो खजाने के रुपये की निकासी करने के बावजूद अभीतक उसका वितरण किसानों के बीच नहीं करने का क्या कारण है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्लेटलेट्स उपलब्ध कराना

9. <u>श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी</u>--दिनांक 10 नवम्बर, 2014 को स्थानीय अंग्रेजी समाचार-पत्र में प्रकाशित समाचार शीर्षक ''डेंगू काउन्ट गोज अप एट 158'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के विभिन्न हिस्सों से प्राप्त सरकारी आँकड़ों के अनुसार डेंगू रोग से ग्रस्त 158 रोगियों की पहचान की गयी है जिसमें पटना शहर के ही 133 रोगी सम्मिलित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस रोग के प्रसार की रोक-थाम हेतु सरकार द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने के कारण मरीजों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है और इलाज हेतु आवश्यक Platelates की व्यवस्था नहीं हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार द्वारा इसपर नियंत्रण नहीं करने का क्या कारण है तथा Platelates उपलब्ध कराने हेतु सरकार कौन-सी कारगर कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

नया मीटर लगाना

10. <u>श्री अरूण कुमार सिन्हा</u>--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजधानी पटना में बिजली चोरी रोकने के लिये 5000 डिस्ट्रीब्यूशन ट्राँसफॉर्मरों में से कुल 4000 ट्राँसफॉर्मरों में चार वर्ष पूर्व मीटर लगाये गये थे ;

(2) क्या यह बात सही है कि 3000 डिस्ट्रीब्यूशन ट्राँसफॉर्मर में लगे मीटर दो वर्षों से गायब है और शेष सभी दो वर्षों से खराब है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पटना के सभी डिस्ट्रीब्यूशन ट्राँसफॉर्मरों पर नये मीटर लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

औचित्य बतलाना

11. श्री रामेश्वर प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में 63 के0भी0ए0 के नये ट्रॉंसफॉर्मर की कीमत 77,280 रुपया है तथा 100 के0भी0ए0 के नये ट्रॉंसफॉर्मर का मूल्य 1,10,303 रुपये है जबकि मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत माननीय सदस्यों द्वारा 63 के0भी0ए0 तथा 100 के0भी0ए0 के नये ट्रॉंसफॉर्मर की अनुशंसा करने पर क्रमश: तीन लाख पचास हजार एवं चार लाख पचास हजार का प्राक्कलन विभाग द्वारा तैयार किया जाता है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

हरेराम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

पटना :
दिनांक 26 दिसम्बर, 2014 (ई0) ।

वि0स0मु0 (एल0ए0), 125 डी0टी0पी0-450